27/06/2026 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 7.10 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन दिन की सेशेल्स यात्रा पर विक्टोरिया पहुंचे, सेशेल्स के पचासवें स्वतंत्रता दिवस समारोह में होंगे शामिल।
- अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर आज प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित, मुख्यमंत्री ने कहा मध्यप्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में अपनी पहचान करेगा स्थापित।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों से अपने विचार साझा करेंगे।
- राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत कल 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जायेगी।

प्रधानमंत्री – सेशेल्स

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन दिन की सेशेल्स यात्रा पर विक्टोरिया पहुंच गए हैं। सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी ने उनका हार्दिक स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सेशेल्स हिंद महासागर में भारत का महत्वपूर्ण समुद्री साझेदार और करीबी मित्र है। श्री मोदी ने दोनों देशों के लोगों के लाभ के लिए भारत और सेशेल्स के दीर्घकालिक संबंधों और सहयोग को बढावा देने के लिए सार्थक यात्रा की उत्सुकता प्रकट की।

प्रधानमंत्री सेशेल्स के पचासवें स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। वे सेशेल्स के राष्ट्रीय दिवस समारोह में भाग लेने वाले भारत के पहले प्रधानमंत्री होंगे।

एमएसएमई दिवस

अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर आज प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किए गये। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रवीन्द्र भवन, भोपाल में आयोजित सशक्त उद्यमी, समृद्ध मध्यप्रदेश समिट में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने एमएसएमई इकाइयों को लगभग 225 करोड़, विभिन्न स्टार्ट–अप्स को लगभग 39 लाख तथा वृहद उद्योगों के लिए 1 हजार 274 करोड़ की प्रोत्साहन राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश–विदेश की अग्रणी कंपनियां मध्यप्रदेश में लगातार निवेश कर रही हैं। हमें विश्वास है कि आने वाले कुछ वर्षों में मध्यप्रदेश देश के शीर्ष तीन अग्रणी राज्यों में अपनी सशक्त पहचान स्थापित करेगा ।

अमित शाह–गुजरात

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सहकारी टैक्सी प्लेटफॉर्म, भारत टैक्सी, का अगले दो वर्षों में देश भर के पांच सौ शहरों और कस्बों में विस्तार किया जाएगा। आज गुजरात के गांधीनगर में देश की पहली सहकारिता आधारित टैक्सी सेवा– भारत टैक्सी के उद्घाटन सत्र में श्री शाह ने इस पहल को सहकारी क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम बताया। उन्होंने कहा कि इससे चालकों को उनके पारिश्रमिक का अधिक से अधिक हिस्सा मिलेगा और यात्रियों को भी सुरक्षित तथा किफायती यात्रा का लाभ मिल सकेगा।

सिंधिया–गुना दौरा

संचार और उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आज से गुना जिले के तीन दिन के दौरे पर हैं। इस दौरान वे कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे। श्री सिंधिया ने आज सर्किट हाउस में लोगों से भेंट कर उनकी शिकायतें सुनीं। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत कंजा गांव में पौधारोपण किया।

प्रधानमंत्री – मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 135वां एपिसोड होगा।

कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चौनलों, एआईआर न्यूज की वेबसाइट और न्यूजऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। साथ ही, एआईआर न्यूज, डीडी न्यूज, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चौनलों पर इसका सीधा प्रसारण भी होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण करेगी।

कार्यशाला. उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन में 'सिंहस्थ–2016 के अनुभव, 2028 का संकल्प' विषय पर आधारित कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला में सिंहस्थ–2028 के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए अधोसंरचना विकास, विभिन्न विभागों की कार्ययोजना व समन्वित तैयारियों पर व्यापक मंथन किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंहस्थ–2028 को भव्य, दिव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए उज्जैन में विकास कार्य निरंतर जारी हैं।

पल्स पोलियो अभियान

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत कल 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जायेगी। खंडवा से हमारे संवाददाता ने बताया कि जनसमुदाय में इस अभियान के प्रति जागरूकता के लिए आज विशाल रैली आयोजित की गई। कटनी जिले में भी कल राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का व्यापक आयोजन किया जाएगा। अभियान के दौरान जिले के 5 वर्ष आयु वर्ग के सभी 1 लाख 73 हजार 700 से अधिक बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जायेगी। भिण्ड जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं, जिसमें पांच वर्ष तक के लगभग दो लाख सत्तर हजार बच्चों को पोलियो की दवा पिलायी जायेगी। शिवपुरी जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा पल्स पोलियो अभियान को लेकर आज जन जागरूकता रैली निकाली गई। नरसिंहपुर जिले में इस अभियान के अंतर्गत 1 लाख 58 हजार 945 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। मंदसौर में अभियान के प्रति जागरूकता के लिए शहर के प्रमुख मार्गों से रैली निकाली गई।

मौसम

प्रदेश में मानसून की दस्तक के बाद इसकी रफ्तार फिलहाल थम गई है। अगले 2 से 3 दिनों में इसके फिर सक्रिय होने की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, जबलपुर, रीवा, ग्वालियर,शहडोल और सागर संभागों के कई जिलों में बारिश होने का अनुमान जताया है।

पुलिस-कार्यशाला

राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो, पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा आईसीजेएस कार्यान्वयन और डिजिटल एकीकरण विषय पर कल एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन कुशाभाऊ ठाकरे सभागार, भोपाल में किया जायेगा। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य अंतर-संचालनीय आपराधिक न्याय प्रणाली के तहत पुलिस, अभियोजन, न्यायालय, जेल, फॉरेंसिक एवं स्वास्थ्य विभाग के मध्य डिजिटल समन्वय और डेटा इंटरऑपरेबिलिटी को सुदृढ़ बनाना है।

संक्षिप्त समाचार

- इंदौर में पंचायत सांवेर की ग्राम पंचायत कदवाली बुजुर्ग में जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 का समापन समारोह आयोजित किया गया।
- मंदसौर में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।
- जबलपुर के दो प्रमुख कृषि उत्पाद मटर और सिंघाड़ा को भारत सरकार की ओर से भौगोलिक संकेतक (GI) टैग प्रदान किया गया है।
- अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर खंडवा जिले के ग्राम बलखड़ में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।
- शिवपुरी जिले में कल श्रमायुक्त संदीप जी.आर. ने माधव चौक का भ्रमण कर श्रमिकों से सीधे संवाद किया।
- आयरलैंड और भारत के बीच दो मैचों की टी-20 क्रिकेट श्रृंखला का दूसरा और अंतिम मैच कल खेला जाएगा।

--------------------------------